दिल्ली में पेयजल की कमी

550. **श्री अनन्त राम जायसवाल:** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि दिल्ली और नई दिल्ली की कालोनियां ऐसी हैं जहां सुबह-शाम केवल एक से दो घंटे तक पानी आता है;

(ख) यदि हां, तो ऐसी कालोनियों के नाम क्या है और वे कब से इस कमी का सामना कर रही है; और

(ग) क्या पानी की समस्या को दूर करने के लिए कोई योजना सरकार के विचाराधीन है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

शहरी विकास मंत्री (श्री मुरासोली मारन): (क) तथा (ख) सामान्यत: सुबह और शाम 3-3 घंटे पानी की सप्लाई की जाती है। तथापि विवरण प्रणाली के अन्तिम छोर पर स्थित कालोनियों में अथवा ऊंचे स्थानों पर स्थित पाकेटों में जलआपूर्ति के समय में कमी की जाती है।

(ग) दिल्ली जल आपूर्ति तथा मल-व्ययन संस्थान ने दिल्ली में पेयजल आपूर्ति की वृद्धि के लिए अल्पकालिक तथा दीर्घ कालिक दोनों प्रकार के कई उपाय किए है। इसमें विद्यमान शोधन संयंत्रों की स्थापित क्षमता बढ़ाना जलशोधन क्षमता में वृद्धि करना; रैनी कुंओं तथा ट्यूबवैलों से अतिरिक्त जल प्राप्त करना; हरियाणा, उत्तर प्रदेश तथा हिमाचल प्रदेश राज्यों से और अधिक कच्चा पानी प्राप्त करने के उपाय तथा जल आपूर्ति के उचित वितरण के लिए जलाशयों और पम्पिंग स्टेशनों का निर्माण शामिल है। मुख्य पाइप लाईनों में पानी के रिसाव की जांच के लिए भी उपाय किए गये हैं।

सहकारी आवास समितियों को भूमि का आवंटन

551. **श्री अनंत राम जायसवाल:** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1979 से जून, 1990 तक दिल्ली विकास प्राधिकरण में कितनी सहकारी आवास समितियां पंजीकृत थीं और क्या उनमें से किसी को प्राधिकरण ने भूमि आबंटित की है; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं

(ख) उन आवास समितियों की संख्या कितनी है जिनको भूमि आवंटित की गई और शेष आवास समितियों को भूमि आवंटित न किये जाने के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या वर्ष 1990 के दौरान सभी पंजीकृत सोसाइटियों को भूमि आवंटित कर दिये जाने की सम्भावना है, यदि नहीं तो 1990 के दौरान कितनी सोसाइटियों को भूमि आवंटित कर दिये जाने की सम्भावना है और शेष को कब तक भूमि आवंटित कर दिये जाने की सम्भावना है?

शहरी विकास मंत्री (श्री मुरासोली मारन): (क) 1979 से जून 1990 तक 1905 सहकारी समूह आवासीय समितियां पंजीकृत की गयी थीं। उनमें से अब तक 455 समितियों को भूमि आवंटित की जा चुकी है।

(ख) तथा (ग) अब तक कुल 518 सहकारी समूह आवास समितियों को भूमि आवंटित की गयी है। पर्याप्त भूमि उपलब्ध न होने के कारण शेष समितियों को भूमि आवंटित नहीं की जा सकी।

Setting up of Konkan Railway Corporation

552. DR. BAPU KALDATE: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:—

(a) what are the broad features of the recent agreement signed for setting up **Konkan Railway Corporation stating the** names of the State Governments involved;

(b) what is the total estimated expenditure involved in the project and what is the percentage share of each of the State Governments involved;

(c) what percentage of the expenditure is proposed to be raised by (i) floating debentures and (ii) raising loans from financial institutions;

(d) by when the project is likely to be taken up for execution and the period by which it is likely to be completed; and

(e) whether Government propose to set up such Corporations in respect of other Railways?